महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रम्प के सलाहकार देंगे इस्तीफा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ऊर्जा पर्यावरण नीति के सलाहकार माइकल काटानजारो ने इस्तीफा देने का फैसला लिया है। माइकल काटानजारो कानून लॉबिंग कंपनी (सीजीसीएन) में वापसी करेंगे। जहां माइकल काटानजारो पहले काम करते थे।बता दें कि व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद में काटानजारो घरेलू ऊर्जा मुद्दों के प्रमुख थे। काटानजारो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक नियामक जीवाश्म- ईंधन समर्थक एजेंडे के बड़े नाम थे। उपराष्ट्रपति माइक पेंस के कार्यालय के फ्रॉसिस ब्लक उनका स्थान लेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की कई पर्यावरण संरक्षण नीतियों को वापस लिया है। पर्यावरण संरक्षण नीतियों को वापस लेने पर ट्रंप का मन्ना है कि ये व्यावसायिक विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। उल्लेखनीय है कि काटानजारो से पहले भी कई अन्य प्रमुख सलाहकार ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा दे चुके हैं। शीर्ष गृह सुरक्षा सलाहकार टॉम बोसर्ट ने भी इस्तीफे की घोषणा की थी। राष्ट्रीय आर्थिक परिषद का नेतृत्व अब लैरी कुडलो करते हैं, जिन्होंने गैरी कोहन की जगह ली थी। एल्यूमीनियम स्टील के आयात पर टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना करते हुए कोहन ने इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले भी ट्रम्प टीम के कई प्रमुख अपना इस्तीफा दे चुके है।

एंजाइम प्लास्टिक को नष्ट कर प्रदूषण से निजात दिलाएगा

वैज्ञानिकों ने पर्यावरण प्रदूषण के लिए जिम्मेदार एक बड़ी समस्या के निदान में कामयाबी पाई है। उनका दावा है कि, उन्होंने एक ऐसा एंजाइम बनाया है जो आम तौर पर प्रदूषण पैदा करने वाले प्लास्टिकों को खत्म कर सकता है। इस एंजाइम के विकास से पॉलीथीन टेरिफ्थेलैट (पीईटी) से बने करोड़ों टन बोतलों का पुनर्चक्रण मुमकिन हो सकता है, जो अपने इस्तेमाल के बाद सैकड़ों साल तक पर्यावरण में बनी रहती हैं।ब्रिटेन के पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय एवं और अमेरिकी ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा प्रयोगशाला (एनआरईएल) के अनुसंधानकर्ताओं ने पीईटीएस एंजाइम की संरचना का अध्ययन किया और उसकी कार्यप्रणाली को समझने का प्रयत्न किया। हाल में विकसित यह एंजाइम पीईटी को नष्ट करने में सक्षम बताया जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है अनजाने में ही इस एंजाइम के खोज में सफलता मिल गई। इस खोज में वैज्ञानिकों को सफलता जापान के रिसाइकिल केंद्र में प्लास्टिक खाने वाले प्राकृतिक जीवाणु पर शोध के दौरान मिली।शोधकर्ताओं का कहना है कि अब वह इसमें और सुधार कर रहे हैं ताकि औद्योगिक तौर पर इसका इस्तेमाल कर प्लास्टिक को नष्ट किया जा सके। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता मैकगेहान का कहना है कि प्लास्टिक की समस्या से सभी प्राणी जूझ रहे हैं। इसको लेकर अरसे से वैज्ञानिक समुदाय प्लास्टिक के निपटान के लिए तकनीक के विकास के लिए प्रयास कर रहा था।

व्यापार युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान की आशंका : आईएमएफ

अमेरिका और चीन के हालिया कदमों को जहां व्यापार युद्ध की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है, वहीं देशों के पास बहुपक्षीय बातचीत के जरिए अभी भी अपने मतभेदों को सुलझाने का मौका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रमुख अर्थशास्त्री ने मंगलवार को यह कहा। एफे के मुताबिक ने मौरीस ऑब्स्टेल्ड के हवाले से कहा, ÷संभावित व्यापार युद्ध के लिए पहली गोलियां दागी जा चुकी हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि अभी भी देशों के पास बहुपक्षीय चर्चाओं के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का मौका है।÷ मॉरिस ने आईएमएफ द्वारा अपना नवीनतम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पेश किए जाने के दौरान यह कहा। ऑब्स्टेल्ड ने कहा कि हालांकि आईएमएफ ने व्यापार प्रतिबंधों और उसकी प्रतिक्रियास्वरूप लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के कारण पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर अपनी चिंता जाहिर की है, जिसके कारण विश्वास कमजोर होने और आर्थिक विकास के पटरी से उतरने का खतरा है।

विमान की आपात लैंडिंग दौरान इंजन फटा, महिला की मौत

अमरीका में फिलाडेल्फिया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान की आपात लैंडिंग दौरान हुए भयानक हादसे में एक महिला की मौत हो गई व 7 अन्य यात्री घायल हो गए। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के चेयरमैन रॉबर्ट समवाल्ट ने बताया कि साउथवेस्ट एयरलाइंस कंपनी की एक विमान के इंजन में खराबी के कारण कल आपात स्थिति में उतारा गया ।विमान न्यूयार्क से टेक्सास के डल्लास जा रही थी लेकिन इंजन में खराबी के कारण फिलाडेल्फिया में उतारा गया। विमान में 148 यात्री सवार थे। साउथवेस्ट एयरलाइंस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार विमान न्यूयार्क के लाग्वार्डिया हवाई अड्डे से डल्लास जा रही थी तभी अचानक फिलाडेल्फिया में उतारा गया।इस दौरान इंजन फटने से जोरदार धमाका हुआ और विमान में खिड़की के पास बैठी महिला का मुंह खिड़की के बाहर की तरफ निकल गया और इंजन का मलबा गिरने से वो गंभीर रूप से घायल हो गई। इंजन फटने की आवाज से सभी यात्री बुरी तरह से घबरा गए और विमान में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने बड़ी मुश्किल से महिला को अंदर खींचा। इस दौरान 7 अन्य यात्री भी घायल हो गए। विमान के उतरने के बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

सियासी जंग : मोदी के 'नमस्ते लंदन' में लिंगायत कार्ड

कर्नाटक विधानसभा चुनाव की सियासी जंग फतह करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस और सीएम सिद्धारमैया ने राज्य के किंगमेकर माने जाने वाले लिंगायत समुदाय को अलग धर्म का दर्जा देकर मास्टरस्ट्रोक चला, तो वहीं बीजेपी भी अपने परंपरागत लिंगायत वोट को साधने के लिए की कोशिशों में लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंदन से तो बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह बंगलुरु से लिंगायत कार्ड खेलने की रणनीति बनाई है। 12 वीं सदी लिंगायत समुदाय के दार्शनिक और सबसे बड़े समाज सुधारक बासवन्ना की आज जयंती है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के तहत बीजेपी इस मौके को अपने हाथों से निकलने नहीं देना चाहती है। पीएम मोदी ने लंदन से ट्वीट करके कहा, मैं भगवान बसवेशेश्वर की जयंती के मौके पर नमन करता हूं। हमारे इतिहास और संस्कृति में उनका विशेष स्थान है। सामाजिक सद्भाव, भाईचारा, एकता और सहानुभूति पर उनका जोर हमेशा हमें प्रेरणा देता है। भगवान बसवेशेश्वर ने हमारे समाज को एक किया और ज्ञान को महत्व दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉमनवेल्थ समिट में शिरकत करने के लिए लंदन पहुंचे हैं। मोदी लंदन की जमीन से लिंगायत समुदाय का दिल जीतने की कवायद कर रहे हैं। लंदन के टेम्स नदी के पास लिंगायत समुदाय के समाज सुधारक बासवन्ना (उन्हें भगवान बसवेशेश्वर भी कहा जाता है) की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ये कार्यक्रम द बसवेशेश्वर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अल्बर्ट तटबंध में स्थापित बसवेशेश्वर की प्रतिमा, न केवल ब्रिटेन में एक भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा अनावरण की जाने वाली पहली प्रतिमा है, बल्कि संसद के आसपास ब्रिटिश कैबिनेट द्वारा अनुमोदित पहली वैचारिक प्रतिमा भी है। बसवेशेश्वर फाउंडेशन ब्रिटेन की अध्यक्ष नीरज पाटिल हैं। पीएम मोदी की इस कवायद को कर्नाटक विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का 17 फीसदी वोट है। बीजेपी का मूल वोटबैंक माना जाता रहा है। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपने पाले में लाने के लिए उनकी सालों पुरानी अलग धर्म की मांग को मानकर बीजेपी को बैकफुट पर कर दिया था। पीएम मोदी और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह इसकी भरपाई करने की कोशिशों में लगे हैं। समाज सुधारक बासवन्ना की जयंती के मौके पर अमित शाह कर्नाटक पहुंच रहे हैं। वे राज्य में दो दिन तक रहेंगे। शाह बंगलुरु के बासवन्ना की मूर्ति की प्रतिमा पर जाएंगे। इसके बाद शाम को लिंगायत समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। शाह लिंगायत लेखक चिदानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद एक दलित लेखक के साथ भी मुलाकात करेंगे। लिंगायत समुदाय का राजनीति कनेक्शन

उत्तर भारत ही नहीं बल्कि दक्षिण की राजनीति में भी जाति और धर्म की बुनियाद पर सियासी तानाबाना बुना जाता है। कर्नाटक की सियासत में लिंगायत समुदाय किंग मेकर मानी जाती है। लिंगायत के दौर में कांग्रेस का मजबूत वोटबैंक रहा है, लेकिन1989 में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो राजीव गांधी ने एक विवाद के चलते तब के सीएम वीरेंद्र पाटिल को पद से हटा दिया। कांग्रेस के इस कदम से लिंगायत समुदाय में आक्रोश की भावना जगी और उन्होंने कांग्रेस का दामन छोड़कर बीजेपी के रामकृष्णा हेगड़े का समर्थन किया। हेगड़े के निधन के बाद बीएस येदियुरप्पा लिंगायतों के नेता बनें। येदियुरप्पा की जरिए ही बीजेपी ने 2008 में कर्नाटक की सत्ता में आई। महज तीन साल येदियुरप्पा सीएम रहे, लकिन तीन साल के बाद बीजेपी ने उन्हें सीएम के पद से हटा दिया। बीजेपी भी कांग्रेस का दांव चला। येदियुरप्पा को हटाया तो लिंगायक समुदाय का ने बीजेपी से भी मुंह मोड़ लिया।

ट्रंप -किम मुलाकात परमाणु हथियार को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से सीधी बात की है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रंप ने यह भी कहा है कि अमेरिकी अधिकारियों ने उत्तर कोरिया के अधिकारियों से बात की है ताकि दोनों देशों के नेताओं के बीच मुलाकात को ऐतिहासिक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कहा कि श्री उन से मुलाकात के लिए पांच जगहों पर विचार किया जा रहा है। श्री ट्रंप का कहना है कि उत्तर कोरिया के नेता से जून या उससे थोड़ा पहले भी मुलाकात हो सकती है। गौरतलब है कि श्री ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने उत्तर कोरियाई नेता किम-जोंग-उन के साथ अगले महीने या जून के शुरुआत में मुलाकात की योजना बनाई है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रम को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

पंडित नेहरू, इंदिरा और अटल भविष्य की बात करते थे न कि देश में फैलाते थे नफरत!

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तुलना पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू से की है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया। अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी दौरे पर गए राहुल गांधी ने कहा, 'जो वाकई नेता होते हैं वे भविष्य की बात करते हैं, पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी भविष्य की बात करते थे। लेकिन कुछ लोग खुद को नेता तो कहते हैं, लेकिन केवल नफरत फैलाने का काम करते हैं।' राहुल गांधी ने कहा, 'पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि देश को IIT किसने दिया। हमने अमेठी में छह टेक्निकल इंस्टीट्यूट दिए हैं। देश भर में जारी कैश की किल्लत पर राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा नोटबंदी के चलते हुआ है। नोटबंदी का असर अब तक देश झेल रहा है। लोगों के बैंक खाते में पैसे पड़े हैं, लेकिन वे एटीएम से निकाल नहीं पा रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नीरव मोदी, विजय माल्या, ललित मोदी जैसे लोगों को देश का पैसा देकर यहां से भगा दिया, लेकिन किसानों को एक पैसा नहीं दे सकते हैं।

'मुशर्रफ ने अमरीका को बेचे 4000 से ज्यादा पाक नागरिक'

इन दिनों पाकिस्तान में लापता लोगों को लेकर पश्तून तहाफुज आंदोलन (पीटीएम) चल रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व जज का ऐसा बयान सामने आया है जिससे पाक की राजनीति में भूचाल आ गया है। पूर्व जज जावेद इकबाल ने पाक की राजनीति में वापसी की कोशिश कर रहे पूर्व सैन्य प्रमुख और राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ पर गंभीर आरोप लगाते कहा है कि मुशर्रफ ने हजारों नागरिकों को दूसरे देशों को बेचने का काम किया है। जावेद इकबाल पाकिस्तान में लापता लोगों की जांच के लिए बनाए गए आयोग के प्रमुख हैं। उन्होंने मानवाधिकारों पर बनी संसद की स्थायी समिति के सामने यह आरोप लगाया है. जावेद इकबाल पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के भी प्रमुख हैं। इकबाल ने संसद की स्थायी समिति के सामने बयान दिया है कि मुशर्रफ ने 4000 से ज्यादा पाकिस्तानियों को पैसों के बदले अमरीका को बेच दिया।उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को गुप्त तरीके से अंजाम दिया गया। मुशर्रफ के इस कदम को इकबाल की कमेटी ने गैरकानूनी और अनैतिक करार दिया है। इस मामले में और जांच करने की सिफारिश की गई है। जावेद इकबाल ने सवाल किया है, 'कानून और संविधान के होते हुए भी कोई गुप्त तरीके से कैसे पाकिस्तानी नागरिकों को किसी दूसरे देश को बेच सकता है?' हैरानी की बात यह है कि मुशर्रफ के इस कदम पर तत्कालीन निर्वाचित सरकार के किसी भी सांसद ने सवाल खड़ा नहीं किया था।यह मामला पाकिस्तान की शीर्ष अदालत में भी सालों से लटका हुआ है।कई दशकों तक मामले को या तो नजरअंदाज किया गया या फिर ठंडे बस्ते में डालकर छोड़ दिया गया। इसकी वजय यह थी कि इससे देश की खुफिया एजेंसियों और उनके कामकाज के तरीकों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे थे।डिफेंस ऑफ ह्यूमन राइट्स पाकिस्तान की चेयरपर्सन अमीना समूद जानुजा के पति भी इसी तरह से गायब हैं।

अरब गठबंधन ने यमन में दो ईरानी ड्रोनों को मार गिराया

अल अरबिया के सूत्रों के हवाले से खबर है कि मंगलवार को अरब गठबंधन बलों ने हज्जाह प्रांत के मिडी जिले में दो ईरानी ड्रोन विमानों को मार दिया गया है।हौथी लड़ाकों ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सेना और गठबंधन के लिए ईरान द्वारा बनाई गई ड्रोनों को लॉच किया था ताकि सैन्य की निगरानी का पता चलता रहे।सूत्रों ने बताया कि हौथी के लड़ाकों ने सोमवार सुबह कार्रवाई दोहराने कि कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ, और दूसरे दिन अरब गठबंधन सेनाओं ने ड्रोन को मार गिराया ।

शिमला में आग से 40 घर जलकर खाक

हिमाचल प्रदेश के शिमला में बुधवार को लगी भयावह आग में कम से कम 40 घर जलकर खाक हो गए और लाखों की संपत्ति बर्बाद हो गई। अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के दौरान लोग सोए हुए थे। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट बी.आर.शर्मा ने आईएएनएस से कहा, क्कशेनी गांव में लगी आग के कारण 40 घरों के नष्ट होने की सूचना है। इनमें से ज्यादातर घर लड़की के बने थे।क्कबचावकर्ता मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आग के कारण का पता नहीं चल सका है। घटनास्थल शिमला से 135 किमी दूर है।

मध्य प्रदेश BJP में बड़े फेरबदल

बीजेपी शासित दो राज्यों में पार्टी की ओर से बड़े बदलाव किए गए हैं. राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष अशोक परनामी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं राकेश सिंह को बीजेपी ने मध्य प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. अशोक परमानी का अध्यक्ष पद से इस्तीफा राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष अशोक परमानी ने किस वजह से इस्तीफा दिया है इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को भेज दिया है। हालांकि इस पद से इस्तीफे के बाद बीजेपी अध्यक्ष ने सांसद अशोक परनामी, नंद कुमार सिंह चौहान और डॉ। के हरिबाबू (आंध्र प्रदेश) को बीजेपी की राष्ट्रीय कार्य समिति का सदस्य नियुक्त किया है। राकेश सिंह के बारे में वहीं पार्टी की ओर से राकेश सिंह को मध्य प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राकेश सिंह जबलपुर से बीजेपी के सांसद हैं और लोकसभा में पार्टी के चीफव्हिप (मुख्य सचेतक) हैं। राकेश सिंह जबलपुर से तीसरी बार सांसद चुनकर आए हैं। उन्होंने नंद कुमार सिंह चौहान का स्थान लिया जो इस पद पर साल 2014 से कार्यरत थे। बीजेपी महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी में इस संगठनात्मक नियुक्ति की जानकारी दी। शिवराज के साथ बैठक के बाद फैसला मध्य प्रदेश में प्रदेश पार्टी अध्यक्ष में बदलाव की पहल ऐसे समय में की गई है जब इसी वर्ष राज्य विधानसभा का चुनाव होना है। सूत्रों ने बताया कि भोपाल में मंगलवार की रात प्रदेश बीजेपी की एक महत्वपूर्ण बैठक में राकेश सिंह के नाम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और बीजेपी के संगठन महामंत्री राम लाल मौजूद थे।

पीएम मोदी ने कभी जो सलाह मुझे दी थी, अब उस पर खुद अमल करें : मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कठुआ और उन्नाव बलात्कार के मामले में लंबे समय तक पीएम मोदी की चुप्पी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कभी जो सलाह मुझे दी थी, अब उस पर खुद अमल करें और ऐसे मौकों पर कुछ बोलें। इंडियन एक्सप्रेस अखबार से बातचीत में डॉ। मनमोहन सिंह ने कहा कि उन्हें इस बात पर खुशी है कि इतने लंबे समय तक चुप्पी बनाए रखने के बाद आखिरकार पीएम मोदी बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के मौके पर कुछ बोले। शुक्रवार को पीएम मोदी ने कहा था कि 'भारत की बेटियों को न्याय मिलेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।' मनमोहन सिंह से जब यह पूछा गया कि बीजेपी उनका मजाक बनाते हुए उन्हें 'मौन मोहन सिंह' कहती थी, तो पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि 'उन्हें अपने पूरे जीवन इस तरह की टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री (मोदी) जो मुझे सलाह दिया करते थे, उस पर उन्हें खुद अमल करना चाहिए और अक्सर बोलते रहना चाहिए। मीडिया से मुझे पता चला था कि वह मेरे न बोलने पर आलोचना किया करते थे। उन्हें अब खुद मुझे दी गई सलाह पर अमल करना चाहिए।' मनमोहन सिंह ने कहा कि दिल्ली में 2012 में हुई गैंगरेप की घटना (निर्भया कांड) के बाद कांग्रेस पार्टी और उनकी सरकार ने जरूरी कदम उठाए थे और बलात्कार के मामलों को लेकर कानून में बदलाव किया था। उन्होंने कहा कि कठुआ मामले को जम्मू-कश्मीर की सीएम महबूबा मुफ्ती को और ज्यादा गंभीरता से हैंडल करना चाहिए था। उन्हें शुरू से ही इस मसले को अपने हाथ में रखना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि उन पर अपने सहयोगी दल बीजेपी का दबाव रहा हो, खासकर यह देखते हुए कि बीजेपी के दो मंत्री बलात्कार के आरोपियों के समर्थन में आ गए थे।' उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकारें कानून और व्यवस्था, खासकर महिलाओं की सुरक्षा, मुस्लिमों की हत्या और दलितों के उत्पीड़न, को लेकर कुछ नहीं कर रहीं।